भारतीय मौसम विभाग (IMD) और एयरपोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (AAI) के बीच एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (LoA) पर 19 नवंबर 2024 को हस्ताक्षर किए गए। यह समझौता दतिया एयरपोर्ट, मध्य प्रदेश में विमानन मौसम सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करेगा। AAI की ओर से श्री अनामी पाण्डे, महाप्रबंधक (जेवीसी/पीपीपी-II), नई दिल्ली एवं IMD की ओर से श्री आर. बालासुब्रमण्यम, वैज्ञानिक-एफ द्वारा समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। साथ ही श्री रामजी अवस्थी, विमानपत्तन निदेशक, भोपाल एयरपोर्ट द्वारा सभी को पुष्प गुच्छ भेंटकर स्वागत किया गया। इस समझौते के तहत, मौसम विभाग दतिया एयरपोर्ट पर विमानन मौसम संबंधी सेवाएं प्रदान करेगा, जो विमान चालकों और विमानन संचालन के लिए अत्यधिक महत्वपूर्ण हैं। यह समझौता विमानन क्षेत्र में सुरक्षा, दक्षता और सेवाओं की गुणवत्ता को बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान देगा।

राजा भोज हवाईअड्डा, भोपाल
Raja Bhoj Airport, Bhopal

11:39

11:39